# Centre of Excellence



**GOVT. COLLEGE SANJAULI SHIMLA – 171006, H.P. (India)**
**Co-educational Institution**
**Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla – 5**

**Website: www.gcsanjauli.edu.in**
**E-Mail: principalsanjauli@gmail.com**

# Criterion: 7
# Institutional Values and Best Practices

## 7.3: Institutional Distinctiveness

## Relevant information for 7.3.1


## 7.3.1: Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust

# TABLE OF CONTENTS


| | TITLE | Page |
|---|---|---|
| 1. | Performance of the Institution | 1-51 |

## 7.3.1: Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust

Ideal destination for students:



PUNJAB KESRI
20-6-2017

# आर.के.एम.वी. में 1,216, संजौली में 1,500 व कोटशेरा में बिके 450 प्रोस्पैक्टस

### 23 तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया

शिमला, 19 जून (नितेश): शिमला के महाविद्यालयों में बीते 17 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत नए सत्र शुरू होते ही शिमला के महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए छात्रों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया है। कालेजों में प्रवेश के लिए एडमिशन फार्म भरने की प्रक्रिया 23 जून तक चलने वाली है। इस वर्ष कोटशेरा महाविद्यालय में ट्रायल बेसिस पर प्रथम समैस्टर की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू की गई है जबकि आर.के.एम.वी. व संजौली कालेज में फिलहाल प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन ही रहेगी। आर.के.एम.वी. की बात करें तो यहां प्रवेश के लिए छात्राओं में काफी उत्साह है, ऐसे में कालेज में काफी संख्या में छात्राएं प्रवेश के लिए पहुंच रही हैं।

सोमवार को आर.के.एम.वी. में 1,216, संजौली कालेज में 1,500 और कोटशेरा कालेज में 450 प्रोस्पैक्टस बिके, वहीं कालेजों में छात्रों की सहायता के लिए छात्र संगठनों द्वारा मार्गदर्शन केंद्र भी खोले गए हैं। ए.बी.वी.पी. शिमला इकाई ने कोटशेरा, संजौली, आर.के.एम.वी., संस्कृत कालेज फागली, संध्याकालीन कालेज, सुन्नी कोटी और धामी कालेज में मार्गदर्शन केंद्र लगाए हैं।

29-06-2017

दैनिक भास्कर

सिटी डाय

सुविधा | मैरिट के आधार पर मिलेगा दाखिला, कल तक करें आवेदन

# संजौली कॉलेज से कर सकेंगे रिटेल व हॉस्पिटेलिटी कोर्स

## दोनों कोर्सिज के लिए 40-40 सीटें की निर्धारित

एजुकेशन रिपोर्टर | शिमला

शहर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज संजौली में इस बार बी-वॉक कोर्सिस में दाखिला लिया जा सकता है। कॉलेज प्रशासन की ओर से यहां पहली बार रिटेल, हॉस्पिटेलिटी कोर्स शुरू किए गए हैं। इसमें मैरिट के आधार पर एडमिशन होगी। 30 जून तक इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। तीन वर्षीय इन कोर्सिस के लिए 40-40 सीटें रखी गई हैं। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. दीक्षा मल्होत्रा का कहना है कि तीन वर्षीय इन रोजगार पूरक कोर्स को इस सेशन से शुरू किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बी-वॉक के इन कोर्सिस में मैरिट के तहत ही एडमिशन होगी।



संजौली कॉलेज, जहां ये नए कोर्स शुरू हो रहे हैं।

### छात्रों की 4960 व छात्राओं की 4360 रुपए होगी फीस

बी-वॉक रिटेल, हॉस्पिटेलिटी के इन कोर्सिस के लिए छात्रों के लिए लगभग 4960 रुपए फीस रखी गई है, जबकि छात्राओं के लिए 4360 रुपए एडमिशन फीस होगी। इसके अलावा यदि प्रदेश से बाहर कोई छात्र इसके लिए अप्लाई करता है तो उसके लिए फीस पांच हजार रुपए तय की गई है। कॉलेज काउंटर पर ही फीस व प्रवेश फार्म भरने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉलेज के दूरभाष नंबर 0177-2640332 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### आज जारी होगी दूसरी मैरिट लिस्ट

कॉलेजों में रूसा सिस्टम के तहत पहले सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए वीरवार को दूसरी मैरिट सूची जारी होगी। कोटशेरा, आरकेएमवी और संजौली कॉलेज में रिक्त सीटों की स्थिति इस लिस्ट के माध्यम से स्पष्ट हो जाएगी। 30 जून यानि शुक्रवार को फीस जमा करवाने की आखिरी तिथि होगी। यदि कोई छात्र इस दौरान फीस जमा नहीं करवाता है तो उसे एडमिशन नहीं मिलेगी। कॉलेज प्रशासन इस अधिसूचना को कैंपस में लगे नोटिस बोर्ड पर भी लगा दिया है।

### जॉब की संभावनाएं बढ़ेंगी

प्रिंसिपल का कहना है कि इसके लिए आवेदन करने वाले छात्रों के लिए मैरिट लिस्ट 30 जून के बाद जारी की जाएगी। कॉलेजों में बीसीए और बीबीए जैसे रोजगार पूरक कोर्स भी शुरू किए गए हैं। गौर रहे कि रिटेल और हॉस्पिटेलिटी जैसे कोर्स को करने के बाद कई बड़ी कंपनियों में जॉब की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए इस बार विभाग ने कॉलेजों में इन नए कोर्सिज शुरू करने की योजना बनाई है।

### खेलों को दिया जाएगा बढ़ावा

संजौली कॉलेज में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की ओर से कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसमें कॉलेज में विभिन्न प्रकार की खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्टिव सेशन आयोजित किए जाएंगे। इसमें छात्र-छात्राओं को कॉलेज में होने वाली खेलों से अवगत करवाया जाएगा। प्रिंसिपल की ओर से इस संबंध में स्टाफ के सदस्यों को अवगत करवा दिया गया है।

DANIK JAGRAN
15-9-17

# संजौली कॉलेज की पूजा ने जीता स्वर्ण पदक

**जानकारी**

- गौतम कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज चैंपियनशिप का दूसरा दिन
- समापन पर धूमल करेंगे विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित

संवाद सहयोगी, हमीरपुर : हमीरपुर गौतम कॉलेज में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की इंटर कॉलेज थर्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन वीरवार को खिलाड़ियों को खूब पसीना बहाया। दूसरे दिन सरकाघाट के विधायक कर्नल इंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान अंडर-46 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबलों में पटामपुल कॉलेज की स्मृति ठाकुर ने स्वर्ण, संजौली की अंजली ने रजत व रामपुर बुशहर कॉलेज की रौनिया कुमार ने कांस्य पदक जीता। अंडर-57 किलोग्राम भार वर्ग में संजौली कॉलेज की पूजा ने स्वर्ण, रामपुर बुशहर कॉलेज की अक्षिता ठाकुर ने रजत तथा नालागढ़ कॉलेज की अनमोल गुप्ता ने कांस्य, 67 किलोग्राम भार वर्ग में सुंदरनगर कॉलेज की सुनैना ने स्वर्ण, पालमपुर कॉलेज की साक्षी ने रजत तथा आरकेएमवी शिमला की वनिता कुमारी ने कांस्य पदक जीता। 73 किलोग्राम भार वर्ग में हमीरपुर कॉलेज की दीक्षा कुमारी ने स्वर्ण, पालमपुर की नेहा देवी ने रजत तथा गौतम कॉलेज की रितु कुमारी ने कांस्य पदक जीता। गौतम कॉलेज के प्रबंधन निदेशक जगदीश गौतम, प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश गौतम, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के डॉ. राज कुमार ने शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

JAGRA



दैनिक भास्कर

# शिमला

शिमला, वीरवार 16 नवंबर, 2017 | 3

## आरकेएमवी की छात्रा मनीषा शर्मा और संजौली कॉलेज के सुधांशु ठाकुर को चुनाव विभाग करेगा सम्मानित

# इन जैसों की जागरुकता से बढ़ा मतदान, अब चुनाव आयोग से मिला इनाम

भास्कर न्यूज | शिमला

सोशल मीडिया पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आरकेएमवी की छात्रा मनीषा शर्मा और संजौली कॉलेज के सुधांशु ठाकुर ने चुनाव विभाग की इनामी प्रतियोगिता जीत ली है। चुनाव विभाग ने इस प्रतियोगिता के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले विजेताओं के नाम बुधवार को घोषित कर दिए हैं। विजेताओं का चयन दो श्रेणी में किए हैं। पहला बेस्ट फोटो विद कैप्शन और दूसरा बेस्ट वीडियो मैसेज प्रतियोगिता। बेस्ट फोटा विद कैप्शन प्रतियोगिता में मनीषा शर्मा प्रथम, संजौली कॉलेज के मनू ग्रेवाल दूसरे और यादव गौतम तीसरे स्थान पर रहे है।

इसी तरह बेस्ट वीडियो मैसेज प्रतियोगिता में सुधांशु ठाकुर प्रथम, रनीष चौहान दूसरे और डीएवी लक्कड़ बाजार के आठवीं कक्षा के छात्र स्वस्तिक तीसरे स्थापन पर रहे। विभाग ने इन सभी के भेजे गए मैसेज को मिले सबसे अधिक लाइक के आधार पर इन्हें विजेता घोषित किया है। अब विभाग इन विजेताओं से संपर्क साध कर इनके बैंक खाते में 5000, 3000 और दो हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित करेगा।

इस प्रतियोगिता में कई लोगों ने स्कूल में आयोजित की जाने वाली बाल संसद की फोटो को भेजा है। इसे सबसे अधिक लाइक मिले है। कई फोटो विभाग को देश के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन हिक्कम की भी भेजी गई है, लेकिन वह तय मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इसलिए उस वीडियो को भेजने वाले प्रतिभागी का चयन नहीं हो सका। इस प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

मनीषा शर्मा | मनू अग्रवाल | रिनेष चौहान

सुधांशु | स्वस्तिक | यादव गौतम

### 25 जनवरी को होंगे सम्मानित

विजेता प्रतिभागियों को चुनाव विभाग 25 जनवरी को वोटर दिवस के मौके पर भी सम्मानित करेगा। इसके लेकर विभाग संबंधित सभी जिला उपायुक्तों को इन प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए कहेगा ताकि दूसरो को भी प्रेरित किया जा सके।

चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जो इनामी योजना के विजेताओं का चयन कर लिया है। विजेताओं के बैंक खाते में शीघ्र पुरस्कार की राशि को जमा करेगा।

डॉ सोनिया ठाकुर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव विभाग

### विभाग के इस प्रयास ने तोड़े पिछले सारे रिकॉर्ड

विभाग के इस प्रयास के विभाग को चुनाव मे अच्छे परिणाम मिले है। विभाग ने वोटिंग के पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए पहली बार वोट प्रतिशत का आंकड़ा 75 प्रतिशत को छू पाया है। अभी बैलेट पेपर की वोट प्रतिशतता को इसमे नहीं गिना गया है। चुनाव विभाग को उम्मीद है कि पोस्टल बैलेट को मिला कर प्रदेश मे वोट प्रतिशत का आंकड़ा 76 प्रतिशत को छू सकता है।

Punjab Kesri - 22-9-17

# संजौली कालेज ने नेरवा को हराकर 39–32 से जीता प्रथम कबड्डी मुकाबला

शिमला, 21 सितम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय संजौली में इंटर कालेज महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. राजेन्द्र सिंह चौहान ने किया। इस दौरान कालेज की प्राचार्य डा. दीक्षा मल्होत्रा ने प्रदेशभर से आए प्रतिभागियों का स्वागत कर उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में करीब 415 छात्राएं भाग ले रही हैं। इस मौके पर मुख्यातिथि कुलपति प्रो. राजेन्द्र सिंह चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेलों का बहुत महत्व होता है। खेल जीवन में सबसे पहले अनुशासन का पाठ छात्रों को पढ़ाता है, साथ ही छात्रों के भीतर आत्मविश्वास पैदा करता है।

उन्होंने छात्राओं से खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मेजबान कालेज व नेरवा कालेज के बीच खेला गया, जिसमें संजौली कालेज ने प्रतियोगिता का पहला मुकाबला 39–32 के अंतर से जीता।

इसके अलावा अन्य मुकाबलों में हमीरपुर ने जोगिन्द्रनगर को 54–18 से, घुमारवीं ने लंबाथाच सिराज को 40–32 और धर्मशाला ने सुन्नी कालेज को हराया।



शिमला : संजौली महाविद्यालय में महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खेलतीं प्रतिभागी। (छाया)

DANIK BHASKAR
22-9-17

# इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में संजौली का जीत से आगाज

## प्रदेश के 33 कॉलेजों की 415 छात्राएं ले रही भाग

**शिमला|** सेंटर ऑफ एक्सलेंसी संजौली कॉलेज में वीरवार को एचपीयू की इंटर कॉलेज महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में मेजबान संजौली समेत प्रदेश भर के 33 कॉलेजों की करीब 415 छात्राएं खिताब के लिए दमखम दिखा रही हैं। एचपीयू के वीसी प्रो. राजेंद्र सिंह चौहान ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को खेल भावना के अनुरूप खेल को खेलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि खेलने पहुंची छात्राओं के रहन-सहन एवं खानपान की उचित व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 23 को होगा।

प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान संजौली और नेरवा कॉलेज के बीच हुआ। इस मैच में संजौली ने नेरवा को हराकर जीत से आगाज किया। संजौली की लड़कियों ने नेरवा को 39-32 के अंतर से हराकर अपने इरादे बुलंद किए। हमीरपुर ने जोगेंद्र नगर को 54-18, घुमारवीं ने लंबाथाच को 40-32, बिलासपुर ने इंदौरा को 40-18, अंब ने नगरोटा को 44-10, सीमा ने नालागढ़ को 58-23, आनी ने अर्की को 36-21, जुखाला ने ननखड़ी को 34-23 के अंतर से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। धर्मशाला ने सुन्नी को हराया। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले नॉक आउट आधार पर हो रहे हैं।

शिमला सवेरा

दैनिक सवेरा टाइम्स

www.dainiksaveratimes.com facebook/dainiksavera twitter/saveratimes www.saveratv.in

शिमला, रविवार, 11 मार्च 2018 3

## विधानसभा का घेराव करेंगे जलरक्षक

शिमला (सवेरा) : प्रदेश के हजारों जल रक्षक 15 मार्च को इस मांग को लेकर विधानसभा का घेराव करेंगे। जयराम सरकार के बजट में जल रक्षकों के लिए कोई घोषणा न होने से संघ में रोष का है जल रक्षक यूनियन रामपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने प्रेस बयान में बताया कि प्रदेश के लगभग 6300 जल रक्षकों को जयराम ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने से काफी उम्मीदें थी। बीते 12 वर्षों से बिना अवकाश सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने वाले जल रक्षकों के लिए स्थायी नीति नहीं बन पाई है।

# संजौली कालेज में बनेगा आधुनिक जिम्नेजियम

**▶▶ शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने उपमंडलाधिकारी (ना.) को दिए कन्या छात्रावास के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश**



संजौली महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज।



वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कराटे के करतब दिखाते छात्र-छात्राएं।



महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक समारोह के मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज का स्वागत करते शिक्षक।



महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक समारोह का सरस्वती वंदना से शुभारंभ करती छात्राएं।

### संजौली कालेज में मनाया गया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

शिमला, 10 मार्च (चंद्रिका) : राजकीय महाविद्यालय संजौली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कालेज के छात्रों को 31 हजार रुपए प्रदान करने की भी घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी को कालेज की छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास का निर्माण करने के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कालेज में दो लाख 78 हजार रुपए की लागत से जिम्नेजियम भी स्थापित करने की बात कही। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नई योजना मुख्यमंत्री आदर्श विद्या केंद्र शुरू करेगी। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से सभी विधानसभा क्षेत्रों में जहां नवोदय स्कूल या एकलव्य विद्यालय नहीं है, वहां पर एक आदर्श आवासीय स्कूल स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में सभी सुविधाओं के साथ निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी और छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सरकारी स्कूलों के उन छात्रों को सम्मानित करने के लिए जिन्होंने जीवन में एक मुकाम प्राप्त किया हो, एक नई योजना अखंड शिक्षा ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोती आरंभ की जाएगी। वहीं प्राचार्य दीक्षा मल्होत्रा ने कालेज की वार्षिक रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। उन्होंने शिक्षा मंत्री को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए व्यक्तिगत रूप से 1 लाख रुपए का चैक भी भेंट किया।



संजौली महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक समारोह में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं। सभी तस्वीरें (ओम)

इस अवसर पर नगर निगम शिमला के पार्षद आरती, आशा शर्मा, पूरणमल, गौरव सूद, भाजपा महासचिव संजीव सूद, पीटीए अध्यक्ष अर्जुन सिंह, संगठन पदाधिकारी नरेश राजटा, राजीव दीपटा, संजीव देष्टा, उपमंडलाधिकारी नीरज चांदला, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, शिक्षामंत्री के ओएसडी माम राज पुंडीर और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**शैक्षणिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को किया सम्मानित**

शैक्षणिक गतिविधियों में बीए दूसरे सैमेस्टर की प्रियंका शर्मा, रिया, माल्टा, रविंद्र सिंह, बीएससी दूसरे सैमेस्टर की नैनसी पाल, विरेंद्र शर्मा, सुरभी, अक्षय थापन, बीकॉम दूसरे सैमेस्टर की अंजली ठाकुर, नौकिता लाखटा, पलक सिद्धू, हितेशी शर्मा, हितेश कुमार, विशाल शर्मा व किरन, बीसीए दूसरे सैमेस्टर की सोनाली जस्टा, अंकिता शर्मा, पुनीश वर्मा, मोहित रमोला, नेहा, हिना, अभिनव, बीए चौथे सैमेस्टर की मिताली माल्टा, गुलशन, पूजा रावत, बीएससी चौथे सैमेस्टर की दिक्षा वर्मा, पारूल सावंत, शिवानी अबरोल, बीकॉम चौथे सैमेस्टर की राधिका, शिल्पा ठाकुर, जसलीन, बीसीए चौथे सैमेस्टर के अदित्या, भवनीत पियुश रैना, बीए छठे सैमेस्टर (पास आउट) के अंकुश कुमार, अकांक्षा शर्मा, करन चंद, बीएससी छठे सैमेस्टर के रोहित शर्मा, कुसुम लता, चांदनी, बीकॉम छठे सैमेस्टर की भारती वर्मा, सीमा चंदेल, रिचु वर्मा, बीसीए छठे सैमेस्टर के अक्षय शर्मा, राहित कुमार, शिवानी वालिया व रचना को सम्मानित किया गया। खेलकूद, एनसीसी व एनएसएस में वर्षा ठाकुर, नवीन धिंदवान, यशिका, प्रीति, रीतिका, रितेश रेटका, उर्वशी को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कालेज में सत्र 2017-18 को नामांकित सदस्य सीएससीए, एसएसएस, भारतीय छात्र संसद के प्रतिभागियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, मेगजीन स्टूडैंट एडीटर, रोवरज एंड रेंजरज व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया।

हिमाचल दस्तक 11-3-2018



तिब्बती समुदाय के सैकड़ों लोगों ने निकाला शांति मार्च

» पेज 12



# 2 लाख 78 हजार से संजौली कॉलेज में बनेगा जिमः सुरेश

## वार्षिक समारोह में शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

◆ सालाना समारोह में कॉलेज मेधावी भी हुए सम्मानित

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

**एक्सीलेंसी** कॉलेज संजौली में 2 लाख 78 हजार की लागत से जिम्नेजियम बनेगा। इस जिम्नेजियम में सभी प्रकार की सुविधा होगी। जिससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ अपनी सेहत भी तंदरूस्त रख सकेंगे। कॉलेज में जिम्नेजियम बनाने की घोषणा शनिवार को वार्षिक समारोह पर शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने की। कॉलेज में वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर शिक्षा मंत्री ने कॉलेज के मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में सराहनीय प्रदर्शन के लिए छात्रों को 31 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने एसडीए शिमला शहरी को महाविद्यालय की छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास का निर्माण करने के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश सरकार एक नई योजना मुख्यमंत्री आदर्श विद्या केंद्र आरंभ करेगी। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से सभी विधान सभा क्षेत्रों में जहां नवोदय विद्यालय या एकलव्य विद्यालय नहीं है। वहां पर एक आदर्श आवासीय विद्यालय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में सभी सुविधाओं के साथ निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी तथा छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सरकारी विद्यालयों के उन छात्रों को सम्मानित करने के लिए जिन्होंने जीवन में एक मुकाम प्राप्त किया हो एक नई योजना अखंड शिक्षा ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोती आरंभ की जाएगी। कॉलेज के वार्षिक समारोह के शुभारंभ पर कॉलेज प्राचार्या दीक्षा मल्होत्रा ने मुख्यातिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया और उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।



संजौली कॉलेज के वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज।

उन्होंने शिक्षा मंत्री को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए व्यक्तिगत रूप से 1 लाख रुपये का चेक भी भेंट किया इस अवसर पर नगर निगम शिमला के पार्षदगण आरती, आशा शर्मा पूरणमल, गौरव सूद भाजपा महासचिव संजीव सूद, पीटीए अध्यक्ष अर्जुन सिंह संगठन पदाधिकारी नरेश राजटा, राजीव दीपटा, संजीव देषटा, एसडीएम नीरज चांदला, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, ओएसडी माम राज पुंडीर और गणमान्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
22-03-2018

## संजौली कॉलेज के पंकज ने क्वालिफाई की जैम परीक्षा



शिमला| आईआईटी बाम्बे की ओर से करवाई गई जैम 2018 की परीक्षा संजौली कॉलेज के छात्र पंकज ने क्वालिफाई की है। इनका 1105 वां रैंक आया है। फिजिक्स विषय में इन्होंने यह परीक्षा पास की। अब इनका चयन आईआईटी में हुआ है। सिरमौर के हरिपुरधार के रहने वाले पंकज छठे सेमेस्टर छात्र हैं। पिता रत्तन सिंह किसान हैं व माता अनिता देवी गृहिणी हैं।

DANIK BHASKAR
30-06-2018

दैनिक भास्कर		शिमला

## 80 से कम अंक लेने वालों को नहीं मिली एडमिशन

# कॉलेजों में एडमिशन पूरी, संजौली में कॉमर्स की कटआफ 82.8 पर रुकी

- एक जुलाई से लगेगी कक्षाएं

एजुकेशन रिपोर्टर | शिमला

शहर के सभी कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। इस बार भी संजौली कॉलेज में एडमिशन के लिए काफी अधिक कटऑफ गई है। कॉमर्स विषय की कटआफ 85.4 फीसदी पर रुकी है। यानि की जिनके 80 फीसदी अंक भी थे, उन्हें भी प्रवेश नहीं मिला है। जबकि सबसे अधिक 92 फीसदी तक मेरिट गई है। इसी तरह आर्ट्स में 68.8 फीसदी और साइंस में 82.8 फीसदी तक मेरिट रुकी है। ऐसे में जिन छात्रों के इससे कम अंक थे, उन्हें अब दूसरे कॉलेजों में एडमिशन लेनी होगी। इसी तरह कोटशेरा कॉलेज में बीकॉम में प्रवेश के लिए 70 फीसदी हाईएस्ट मेरिट गई। इसी तरह बीए में क्रमशः 61 फीसदी और बीएससी के मेडिकल और नॉन मेडिकल में 68.8 फीसदी कट ऑफ लिस्ट गई। इसी तरह आरकेएमवी में बीकॉम में 90 फीसदी से एडमिशन शुरू हुई, जबकि 41 फीसदी पर रुकी।

**आज फीस जमा करने का आखिरी दिन** | आज कॉलेजों में फीस जमा करने का आखिरी दिन है। ऐसे में जो छात्र फीस जमा नहीं कर पाएगा, उनकी सीट किसी दूसरे को दे दी जाएगी। कॉलेज प्रशासन की ओर से इस तरह के आदेश पहले ही जारी कर चुका है। इसी तरह ईवनिंग कॉलेज और संस्कृत कॉलेज फागली में भी एडमिशन का शेड्यूल रहेगा। विवि प्रशासन के निर्देशों के बाद कॉलेजों में 30 जून तक सभी तरह के एडमिशन प्रोसेस पूरा करना होगा।

### आज वेटिंग लिस्ट भी होगी जारी

एडमिशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक जुलाई से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। कॉलेज में मेरिट के आधार पर एडमिशन मिलेगा। इसकी पहली लिस्ट 25 जून को लगी। 27 जून तक सभी कॉलेज मेरिट सूची जारी कर दी थी। इसके बाद छात्रों को एडमिशन फीस चुकाई। अब 30 जून तक कोई छात्र समय पर फीस नहीं चुकाता है तो उसकी जगह वेटिंग लिस्ट वाले छात्र को एडमिशन मिलेगी। वहीं, किसी विषय में सीटें खाली रह जाती है तो दोबारा से काउंसिलिंग प्रकिया शुरू हो सकती है। 30 जून को अब वेटिंग लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी।

### रूसा सिस्टम लागू होने के बाद 10 दिन चला एडमिशन प्रोसेस

प्रदेश के कॉलेजों में रूसा सिस्टम लागू होने के बाद इस बार ईयर सिस्टम से एडमिशन हो रही है। प्रत्येक वर्ष 15 जून से नए सत्र के लिए कॉलेजों में 10 दिन तक एडमिशन प्रोसेस चलता है। जबकि इस बार सरकार की ओर से सिस्टम को बदल दिया गया। अब प्रवेश वार्षिक आधार पर दिया जा रहा है। एचपीयू प्रशासन का कहना है कि कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया बेहतर तरीकों से हो रही है। सभी कॉलेजों को नियमों के तहत ही प्रवेश देने के आदेश जारी किए गए हैं।

### आरकेएमवी में बीए, बीकॉम, और बीएससी की 120 सीटें

अंग्रेजी, साइंस और बीकॉम में अन्य कॉलेजों की अपेक्षा छात्र शहर के कॉलेजों में प्रवेश ले रहे हैं। यहां सीटें भर जाने के बाद छात्रों के पास ग्रामीण क्षेत्रों के ही कॉलेज ऑप्शन हैं। आरकेएमवी में भी तीनों विभागों बीए, बीकॉम, और बीएससी में प्रत्येक विषयों की 120 सीटें निर्धारित की गई है। ऐसे में इस बार छात्रों को एडमिशन काफी अधिक मेरिट जाने के बाद मिली है।

Divya Himachal
30-6-2018

30-6-18

# सुधांशु ठाकुर चुने राज्य समन्वयक

Divya Him...

■ सिटी रिपोर्टर, शिमला




सेंटर फॉर एक्सीलेंस कालेज के एनएसएस स्वयंसेवी सुधांशु ठाकुर को राज्य समन्वयक भारतीय छात्र संसद चुना गया है। छात्र की इस उपलब्धि पर कालेज प्राचार्या दीक्षा मल्होत्रा ने बधाई दी। सुधांशु ठाकुर को पुण एम आई टी डब्ल्यू पी यू में राज्य समन्वयक भारतीय छात्र संघ की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रुप कैप्टन डीपी आप्टे ने शपथ दिलाई। इस मौके पर कुल बाइस राज्यों के समन्वयक चुने गए। इनका मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में नेतृत्व कुशलता को निखारना।

इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि यह पूरे महाविद्यालय के लिए गौरव व हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि ये जुझारू छात्र बाकी स्वयंसेवियों में भी इस सोच को विकसित करने में कारगर भूमिका निभाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा को भी बधाई दी।

# संजौली बना ओवर ऑल चैंपियन



शिमला – एनसीसी शिमला के माध्यम से राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में 10 दिवसीय एटीसी–212 कैंप का आयोजन कर्नल एसएस सिनसिनवार के कुशल नेतृत्व किया गया। कैंप में चार कालेज और 18 स्कूलों से लगभग 512 कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप पांच से 14 जुलाई तक चला। इस कैंप का लक्ष्य कैडेट्स को बौद्धिक और शारीरिक रूप से बेहतर बनाने का प्रयास था। सभी कैडेट्स को चार कंपनियों (संजौली, कोटशेरा, ठियोग और सुन्नी) में विभाजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, खेलकूद और सांस्कृतिक क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। संजौली कालेज के कैडेट्स ने ड्रिल डिबेट, क्विज, ग्रुप सांग, स्किट में प्रथम स्थान हासिल किया और अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बैस्ट कैडेट एसडी हिमांशु जिंटा रहे। ओवर ऑल चैंपियन की ट्राफी भी संजौली कंपनी ने प्राप्त की। डाक्टर सीबी मेहता, प्रिंसीपल संजौली कालेज ने कैडेट्स को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

दिव्य हिमाचल 17 जुलाई 2018

अमर उजाला

चंडीगढ़ | शुक्रवार, 27 जुलाई 2018 6

# एनसीसी कैंप में संजौली बना ओवरऑल चैंपियन

## सुन्नी में आयोजित एनसीसी कैंप में पाया सम्मान

सुन्नी (शिमला)। जिला शिमला के सुन्नी में आयोजित 7 एचपी (वन) कंपनी के दस दिवसीय शिविर में संजौली कंपनी को ओवरऑल चैंपियन के खिताब से नवाजा गया।

चमन सिंह एसडी/जेडी कोटशेरा कॉलेज को बेस्ट ब्वाय कैडेट और एसडब्लू/जे डब्लयू में सुन्नी की अंजना को बेस्ट कैडेट बने। कैंप के समापन समारोह में कर्नल एसएस सिनसिनवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कैंप के दौरान आयोजित की गईं विभिन्न गतिबिधियों और स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कैंप में एनसीसी के प्रेस सचिव संतोष चौहान ने बताया कि दस दिन तक चले इस कैंप में साहसिक खेलों और फायरिंग के साथ सांस्कृतिक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इन मुकाबलों में ड्रिल के कनिष्ठ वर्ग में सेंट एडवर्ड स्कूल ने पहला, देहा ने दूसरा और समरहिल स्कूल के कैडेटों ने तीसरा स्थान हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में संजौली कॉलेज ने पहला और कोटशेरा कॉलेज ने दूसरा स्थान पाया। फायरिंग के कनिष्ठ वर्ग में सेंट एडवर्ड की अनन्या रांगटा प्रथम, डीएवी लक्कड़ बाजार स्कूल की आरग्य द्वितीय, वरिष्ठ वर्ग में कलोटी संजौली कॉलेज ने पहला और राहुल राणा ने दूसरा स्थान हासिल किया।फायरिंग के मुकाबलों में कनिष्ठ वर्ग में स्वाती माउंट शिवालिक ने पहला, तथा संजौली की ही शबनम ने क्रमशः पहले तीन स्थान हासिल किए। लोक नृत्य के मुकाबले में सेंट एडवर्ड स्कूल प्रथम रहा। माइन में कोटशेरा कंपनी प्रथम रही, लघुनाटिका में चौपाल प्रथम और सेंट एडवर्ड दूसरे स्थान पर रहा। लोकनृत्य कोटशेरा प्रथम, टूटीकंडी द्वितीय, प्रश्नोत्तरी में कोटशेरा के आदित्य प्रथम और संजौली के रविंद्र द्वितीय स्थान पर रहे। संजौली की कमलेश तीसरे स्थान पर रहीं। बीसीएस स्कूल के अर्श प्रथम और आर्यन कटोच ने दूसरा स्थान पाया। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान सुन्नी सीमा सोनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

# दिवेश ने स्वर्ण और एलिजा ने रजत पर साधा निशाना



अमर उजाला ब्यूरो

## नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैंप में एनसीसी कैडेटों ने मनवाया निशानेबाजी में लोहा

शिमला। नई दिल्ली में 6 से 29 सितंबर राष्ट्रीय स्तर के थल सैनिक कैंप में हिमाचल के एनसीसी कैडेटों ने अपने निशाने का लोहा मनवा है। जूनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुटू के कैडेट ने शूटिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली की कैडेट एलिजा नेगी ने शूटिंग में रजत पदक जीता।

इस कैंप में हुई प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में नेहा ठाकुर ने पहला स्थान पाया। जूनियर वर्ग में कैडेट दिवेश कुमार ने 177 कैडेटों को पछाड़ते हुई स्वर्ण पर निशाना साधा। सीनियर वर्ग में एलिजा नेगी ने 306 कैडेटों के बीच रजत पदक हासिल किया। एनसीसी निदेशालय चंडीगढ़ से कैडेट दिवेश कुमार को 5000 पांच हजार, एलिजा नेगी को 4000 चार हजार रुपये तथा नेहा ठाकुर को प्रोत्साहन राशि दी गई। 7 एच पी (आई) कंपनी के कमांडिंग अफसर कर्नल एसएस सिनसिनवार ने कैडेट दिवेश कुमार को 1500 रुपये, एलिजा नेगी को 1000 रुपये तथा नेहा ठाकुर को 500 रुपये देकर सम्मानित किया। उन्होंने मौजूद एनसीसी अफसरों से कहा कि एनसीसी कैडेटों को हर क्षेत्र के लिए तैयार करें। कैडेटों ने लाइनमेंट, टेंट पिचिंग, बाधाएं, मैप रीडिंग फील्ड सिग्नल प्रतियोगिता में भी सराहनीय प्रदर्शन किया। ये कैडेट ब्रिगेडियर ललित जोशी, कर्नल एसएस सिनसिनवार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

Divya Himachal
5-08-2018

# संजौली कालेज को मिले एक करोड़

■ बेहतर इन्फ्रांस्ट्रक्चर देने के लिए निर्माण कार्य में इस राशि को खर्च कर सकेंगे

■ ग्रांट को कालेजों में नए कमरे, वाई-फाई सुविधा देने पर खर्च किया जाएगा

■ भावना शर्मा, शिमला

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 2013 से प्रदेश के 60 से अधिक कालेजों को अभी तक करोड़ों की ग्रांट देनी मंजूर हुई है। इसमें से कुछ कालेज ऐसे है जिन्हें ग्रांट की राशि मिल चुकी है, लेकिन कुछ कालेज ऐसे है जिन्हें अभी राशि मंजूर हुई है और जारी होना बाकी है। रूसा की इस ग्रांट में दूसरे चरण में राजधानी शिमला के दो कालेज इसी वर्ष शामिल हुए है। इन कालेजों में एक कालेज सेंटर फॉर एक्सीलेंस कालेज संजौली है तो दूसरा कालेज राजीव गांधी कालेज चौड़ा मैदान शामिल है। इसी वर्ष रूसा के दूसरे चरण में प्रदेश के प्रवेश करने के बाद इन दो कालेजों को रूसा की ग्रांट देने के लिए मंजूरी एमएचआरडी मंत्रालय की ओर से दी गई है।




संजौली और कोटशेरा कालेज को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से दो-दो करोड़ की ग्रांट देने की मंजूरी दी गई है। इसमें से संजौली कालेज को एक करोड़ की ग्रांट भी जारी की जा चुकी है, जबकि कोटशेरा कालेज को 2 करोड़ की ग्रांट मंजूर हुई है, लेकिन अभी तक इसकी कोई किश्त जारी नहीं की गई है।

इन कालेजों को मिली इस करोड़ों की ग्रांट मंत्रालय की ओर से इन्फ्रांस्ट्रक्चर ग्रांट टू कालेज के तहत देनी मंजूर की गई है। इसमें खास बात यह है कि जिन कालेजों को इस ग्रांट के तहत लाया गया है वहां अब छात्रों को बेहतर इन्फ्रांस्ट्रक्चर देने के लिए निर्माण कार्य में इस राशि को कालेज खर्च कर सकेंगे। शिमला के तीन कालेजों में से आरकेएमवी कालेज को तो पहले से ही रूसा की ग्रांट मिल रही है, लेकिन इन दो कालेजों में संजौली और कोटशेरा का इसी वर्ष यह ग्रांट रूसा के तहत दी जा रही है।

इस ग्रांट को कॉलेजों में नए कमरे, हॉल बनाने, वाई-फाई सुविधा देने, खेल मैदान बनाने, सौंदर्यीकरण, लैब बनाने, नए उपकरण लेने, स्मार्ट क्लास रूम बनाने, नई पुस्तकें लेने पर खर्च किया जा सकेगा। हिमालयन और नार्थ ईस्ट राज्यों के लिए केंद्र सरकार ने पहली बार पीएबी की बैठक की है। इससे पूर्व 2.5 से अधिक नैक स्कोर वाले कॉलेजों को ही केंद्र सरकार ग्रांट देती थी।

Divya Himachal
13-8-2018



# स्टूडेंट कम नहीं हुए, कालेज बढ़े

## सेंटर फॉर एक्सीलेंस कालेज संजौली के प्रचार्य डा. चंद्रभान मेहता 'दिव्य हिमाचल' से कुछ यह बोले....

**दि हिः कालेजों में छात्रों की संख्या क्यों गिर रही है?**

**मेहता :** ऐसा नहीं है कि छात्रों की संख्या गिर रही है। हां, जब से रूसा आया है, तब से सीटें तय कर दी गई हैं। तय सीटों में से अधिकतर कालेजों में सीटें पूरी भर रही है।

दूरदराज के क्षेत्रों में कालेज खुलने से जो छात्र बड़े कालेजों की तरफ आते थे, अब वे वहीं अपने नजदीकी कालेजों में ही प्रवेश ले रहे हैं। ऐसे में बड़े कालेजों में छात्रों की संख्या जरूर कम हुई है, लेकिन जो कालेज खोले गए हैं,वहां लड़कियों की संख्या अधिक है, जो बेहतरीन पहल है।

**दि हिः परंपरागत शिक्षा से हट कर छात्र क्या करना चाहते हैं?**

**मेहता :** आज के दौर में छात्र ऐसी शिक्षा चाहते हैं, जिसमें रोजगार की संभावनाएं अधिक हों। ऐसे में कालेजों में सबसे पहले तो ऐसे कोर्स शुरू करने पर जोर देना होगा, जिससे कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा सके। यह तभी संभव हो सकता है जब यूजीसी इस तरह का बदलाव करे।

इससे पहले जब रूसा लागू किया गया था, तब यह प्रावधान था कि कालेजों में छात्रों को हॉबी बेस पर कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में बताया जाता था, लेकिन अब वह समय की कमी के चलते हो नहीं पा रहा है। आज सरकारी क्षेत्र में नौकरियों की संभावना कम होती जा रही है। अवसर कम हैं और प्रतियोगिता अधिक है। ऐसे में छात्र ऐसी शिक्षा की ओर भाग रहे हैं, जहां उन्हें जल्द अच्छा रोजगार मिल सके।

**दि हिः छात्रों की रुचि को बनाए रखने के लिए क्या किया जाना चाहिए ?**

**मेहता :** छात्रों की रुचि को बनाए रखने के लिए सबसे पहले जो कोर्स छात्र पढ़ना चाहते हैं, उस तरह के कोर्स शुरू किए जाने चाहिएं। इसके अलावा मेरा अपना मानना है कि जो पर्यावरण और नैतिक शिक्षा जिसे हम उच्च शिक्षा में पढ़ना शुरू करते हैं, वे छात्र को तभी दे देनी चाहिए, जब वह प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी बारीकियां भी छात्रों को स्कूल और कालेज स्तर पर सिखाई जाएं तो इससे छात्रों की रुचि बनी रहेगी।

अमर उजाला - 2-8-19

चंडीगढ़ | शुक्रवार, 2 अगस्त 2019 4

# संजौली कॉलेज के स्वर्ण जयंती उत्सव में जुटेंगी सैकड़ों हस्तियां

## सीएम जयराम ठाकुर करेंगे समारोह का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश के सबसे पुराने और ऐतिहासिक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज में स्वर्ण जयंती उत्सव 9 और 10 अगस्त को मनाया जाएगा। इसमें कॉलेज से अब तक पढ़कर निकलीं और अपने-अपने क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्य करने वाली हस्तियां एक मंच पर एकत्र होंगी। इनमें न्यायाधीश, राजनेता, यूनिवर्सिटी कॉलजों के प्रति कुलपति, प्राचार्य के साथ ही खेल और अन्य क्षेत्र में नाम कमा चुके पूर्व छात्र शामिल होंगे। यह अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा करेंगे।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने बताया कि इस उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप शिरकत करेंगे। बताया कि 1969 में अस्तित्व में आए इस कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने वाले होनहार पूर्व छात्रों के लिए यह उत्सव समर्पित रहेगा। उत्सव में कॉलेज विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के माध्यम से

### शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज भी करेंगे समारोह में शिरकत

महाविद्यालय से जुड़े सभी पुराने विद्यार्थियों को न्योता भेजा है। सफलता और बुलंदियों को छू रहे कॉलेज के पूर्व छात्रों को एक मंच पर बुलाकर वर्तमान में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के साथ इंटरेक्शन करवाया जाएगा। ऐसी कॉलेज की सफल हस्तियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। 10 अगस्त को इसी कॉलेज से 1977 में पास आउट हुए लोक गायक विक्की चौहान अपनी प्रस्तुति देंगे।

अलग-अलग गतिविधियों के अलावा कॉलेज में सभी के लिए एक साथ भोजन करने की व्यवस्था भी रहेगी। डॉ. मेहता ने कहा कि 29 मई 1969 में अस्तित्व में आए इस ऐतिहासिक कॉलेज ने शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिया है। स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर इसी सत्र से कॉलेज प्रदेश का सबसे पहला आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने वाला पहला कॉलेज भी बन गया है। 29 मई को कॉलेज में 50 साल पूरे होने पर हवन और फेट का आयोजन किया था।

## प्रशिक्षण केंद्र के छात्रावास का लोकार्पण

**शिमला।** हिमाचल विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के छात्र-छात्राओं को अब छात्रावास की सुविधा भी मिलेगी। विवि के कुलपति प्रो. सिकंदर कुमार ने केंद्र के निदेशक प्रो. ओपी वर्मा की मौजूदगी में छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। भवन में कोचिंग लेने आने वाले अनुसूचित जाति और जनजाति के 40 छात्र छात्राओं को ठहरने की सुविधा मिलेगी। इसमें बने बीस कमरों में से 24 छात्रों और 16 को छात्राओं के लिए आवंटित होंगे। एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणी के छात्र यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में प्रवेश लेंगे। प्रो. वर्मा ने बताया कि छात्रावास का निर्माण राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि से किया जा रहा है। ब्यूरो

17 अगस्त, 2019



स्वतंत्रता दिवस पर एनसीसी कैडेट को सम्मानित करते मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर। अमर उजाला

17 अगस्त, 2019

पंजाब केसरी - 27-9-19

# संजौली कालेज बना पहला उद्योग एकीकृत एवं पोषित संसाधन केंद्र



शिमला : संजौली महाविद्यालय में इंडस्ट्री इंटीग्रेटिड फैकल्टी डिवल्पमैंट प्रोग्राम के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मुख्यतिथि व अन्य। (नि.स.)

शिमला, 26 सितम्बर (ब्यूरो): उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में दो दिवसीय इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इस कार्यशाला में सचिव शहरी विकास व नगर नियोजन और शिक्षा अतिरिक्त प्रभार सी पालरासू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षार्जन कार्य में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनमें आधुनिक कौशल क्षमता का निर्माण करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्र भान मेहता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय सभागार में उपस्थित सैंकड़ों श्रोताओं, जिनमें महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं आचार्य तथा प्रदेशभर से इस कार्यशाला के लिए पहुंचे अनेक अध्यापकगण और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल थे। प्राचार्य डा. चंद्र भान मेहता ने आधुनिक शिक्षा पद्धति के इस आंदोलन के लिए संजौली महाविद्यालय के राज्यस्तरीय उद्योग पोषित पहले एकीकृत संसाधन केंद्र बनने पर खुशी व गर्व की अनुभूति व्यक्त की।

# संजौली की कविता ने जीता गोल्ड मेडल

अमर उजाला

शिमला। संजौली कॉलेज की कैडेट कविता शर्मा ने सितंबर 2019 में ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप में जजिंग डिस्टेंस एंड फिल्ड सिग्नल में गोल्ड मेडल जीता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने छात्रा को बधाई दी। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजीव ठाकुर, एसएमवीएसएम एवं डिप्टी कमांडर कर्नल सुरेश बहक, एनसीसी ग्रुप हेडक्वाटर शिमला, ऑफिसर कमांडिंग कर्नल सुनीता शांगटा 7 एचपी वन कंपनी एनसीसी शिमला ने कैडेट को कैडेट कविता की उपलब्धि पर बधाई दी है।




23 अक्तूबर, 2019

# NCC CADET WINS GOLD MEDAL

The Tribune
20 Oct, 2019

Cadet Kavita Sharma from Government Degree College Sanjauli, Shimla, successfully completed the national camp organised by the All-India Thal Sainik Camp in Delhi. The cadet won a gold medal in judging distance and field signals. Principal Dr CB Mehta, GC Sanjauli, Group Commander Brigadier Rajeev Thakur (SM, VSM), Deputy Commander Col Suresh Bahak, NCC Group, HQ Shimla, and Officer Commanding Col Suneet Shankta, 7 HP (I) COY, NCC Shimla, congratulated the cadet.



**Bandaru Dattatraya**
Governor
Himachal Pradesh

बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

26th May, 2020

**CERTIFICATE OF MERIT**

**Cdt. Jainav** of **7 HP (I) Coy NCC Shimla** is awarded this Certificate of Merit by the **Hon'ble Governor of Himachal Pradesh,** in appreciation of her selfless services rendered **in assisting the Civil Administration in the fight against the pandemic Covid-19 from April to May, 2020.**

**( Bandaru Dattatraya )**
Governor,
Himachal Pradesh.

राज भवन, शिमला - 171002
Raj Bhavan, Shimla-171002
0177-2624840, 2624451
0177-2624440, 2624152
governorsecy-hp@nic.in

**Bandaru Dattatraya**
Governor
Himachal Pradesh

बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

सत्यमेव जयते

26th May, 2020

# CERTIFICATE OF MERIT

**Cdt. Prashant Kumar S/O Shri Bala Ram of 7 HP (I) Coy NCC, Shimla** is awarded this Certificate of Merit by the **Hon'ble Governor of Himachal Pradesh,** in appreciation of his selfless services rendered **in assisting the Civil Administration in the fight against the pandemic Covid-19 from April to May, 2020.**

**( Bandaru Dattatraya )**
Governor,
Himachal Pradesh.

राज भवन, शिमला – 171002
Raj Bhavan, Shimla-171002
0177-2624840, 2624451
0177-2624440, 2624152
governorsecy-hp@nic.in

Pradesh

सत्यमेव जयते

राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

26th May, 2020

# CERTIFICATE OF MERIT

**Cdt. Sangeeta D/O Shri Dharinder** of 7 **HP (I) Coy NCC, Shimla** is awarded this *Certificate of Merit* by the **Hon'ble Governor of Himachal Pradesh,** *in* appreciation of her selfless services *rendered* ***in*** **assisting the Civil Administration *in the fight* against the pandemic Covid-19 from April to May, 2020.**

**( Bandaru Dattatraya )**
Governor,
Himachal Pradesh.

Bandaru Dattatraya
Governor
Himachal Pradesh

बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

सत्यमेव जयते

26th May, 2020

## CERTIFICATE OF MERIT


**Cdt. Karan S/O Shri Kala Vati** of 7 **HP (I) Coy NCC, Shimla** is awarded this Certificate of Merit by the **Hon'ble Governor of Himachal Pradesh,** in appreciation of his selfless services rendered **in assisting the Civil Administration in the fight against the pandemic Covid-19 from April to May, 2020.**

( Bandaru Dattatraya )
Governor,
Himachal Pradesh.

राज भवन, शिमला - 171002
Raj Bhavan, Shimla-171002
0177-2624840, 2624451
0177-2624440, 2624152
governorsecy-hp@nic.in




NCC YOGDAN
FIGHT



Office of the Sub-Divisional Magistrate Theog, Distt. Shimla (H.P.)

हिमाचल प्रदेश

"सत्यमेव जयते"

(Certificate of Appreciation)

This Certificate is presented to

CORONA WARRIOR

Regt No HP19SWA304115 Rank CDT Name SANGEETA

/ D/o DHARINDER Name of Unit 7HP(I) COY NCC SHIMLA

appreciation for showing outstanding contribution and dedication while rendering selfless servic

nation and assisting the Civil Administration in the fight against Novel Corona Virus pander

-19) during lockdown period in the month of April to June 2020.


Ve wish for your healthy, wealthy and successful life.

Sub-Divisional Magistrat

Theog, Distt. Shimla (H.

Sub-Divisional Magistrate

Theog, Distt. Shimla (H.P.)



Office of the Sub-Divisional Magistrate Theog, Distt. Shimla (H.P.)

हिमाचल प्रदेश

(Certificate of Appreciation)

This Certificate is presented to

CORONA WARRIOR

Regt No. HP19SDA34911 Rank CDT Name KARAN

S/o / D/o BALBIR THAKUR Name of Unit 7HP(I) COY NCC SHIMLA

As an appreciation for showing outstanding contribution and dedication while rendering selfless services to the nation and assisting the Civil Administration in the fight against Novel Corona Virus pandemic (COVID-19) during lockdown period in the month of April to June 2020.

We wish for your healthy, wealthy and successful life.

Kishore

Sub-Divisional Magistrate



Office of the Sub-Divisional Magistrate Theog, Distt. Shimla (H.P.)

हिमाचल प्रदेश

(Certificate of Appreciation)

This Certificate is presented to

CORONA WARRIOR

Regt No. HP18SDA304921 Rank CDT Name PRASHANT KUMAR

S/o / D/o BALA RAM Name of Unit 7 HP(I) COY NCC SHIMLA.

As an appreciation for showing outstanding contribution and dedication while rendering selfless services to the nation and assisting the Civil Administration in the fight against Novel Corona Virus pandemic (COVID-19) during lockdown period in the month of April to June 2020.

We wish for your healthy, wealthy and successful life.

Dated 09/06/20

Sub-Divisional Magistrate
Theog, Distt. Shimla (H.P.)

22-9-2021

## संजौली कॉलेज के छात्र अंकित, सर्वजीत रहे प्रथम



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटी संजौली कॉलेज की टीम के साथ शिक्षक। अमर उजाला

शिमला। राजधानी शिमला के सेंट बीड्स कॉलेज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने तीन पुरस्कार जीते हैं। इनमें स्वरचित कविता और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में पहला और कविता लेखन में तीसरा स्थान मिला है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने मंगलवार को छात्रों को सम्मानित किया। संजौली कॉलेज की छात्रा सर्वजीत कौर ने कविता लेखन में पूरे प्रदेश में पहला स्थान पाया है जबकि आंचल भंडारी तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में कॉलेज के छात्र अंकित कुमार ने पहला पुरस्कार पाया है। इस मौके पर डॉ. देवेंद्र शर्मा और डॉ. नमिता खागटा भी मौजूद रहीं। ब्यूरो

# टेबल टेनिस में धर्मशाला और संजौली कॉलेज फाइनल में

### भोरंज कॉलेज में अंतर महाविद्यालय टीटी प्रतियोगिता, प्रदेश की 12 टीमें ले रहीं भाग

संवाद न्यूज एजेंसी




अंतर महाविद्यालय टीटी प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं विधायक कमलेश कुमारी। संवाद

भोरंज (हमीरपुर)। राजकीय महाविद्यालय भोरंज में शनिवार को अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय विधायक एवं उपमुख्य सचेतक कमलेश कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग के मुकाबले करवाए गए। इसमें राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राजकीय महाविद्यालय संजौली ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल मुकाबले रविवार को समापन समारोह से पहले करवाए जाएंगे। प्राचार्य राकेश कुमार एवं प्रतियोगिता के आयोजक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से लड़कों की आठ और लड़कियों की चार टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि कमलेश कुमारी ने कहा कि जीतने की अपेक्षा प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

AU 5-12-21

दैनिक भास्कर हिमाचल 16-12-2021

# संजौली कॉलेज की अंजलि का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन



**शिमला**| एनएसएस इकाई संजौली की स्वयंसेविका अंजलि केवला का 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। चार स्वयंसेवकों का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस चयन शिविर के लिए हुआ था, जिसमें से अंजलि केवला का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए हुआ जो इस वर्ष जयपुर में करवाया गया था इसमें हिमाचल के कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

# अंजलि केवला का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

शिमला, 15 दिसम्बर (ब्यूरो): संजौली कॉलेज में एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी अंजलि केवला का 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड के लिए चयन हुआ है। यह चयन प्रक्रिया सितम्बर महीने से चली आ रही है।

पहला चयन शिविर जिला स्तर पर हुआ था। इसके पश्चात यह राज्य स्तर का चयन शिविर था, जिसमें संजौली महाविद्यालय के 6 स्वयंसेवियों ने भाग लिया था। इसमें हिमाचल के 4 एन.एस.एस. स्वयंसेवियों का चयन हुआ है, उनमें से एक उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी अंजलि केवला भी है।

संजौली महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्रभान मेहता ने स्वयंसेवी अंजलि और एन.एस.एस. इकाई को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही संजौली एन.एस.एस. इकाई के कार्यकारिणी अध्यक्ष डा. मीनाक्षी शर्मा तथा डा. विकास नाथन ने अंजलि केवला को शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# अंजलि गणतंत्र दिवस पर करेगी परेड

जागरण संवाददाता, शिमला : उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका अंजलि केवला का 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय वरिष्ठ स्वयंसेवी सुधांशु सिंह ठाकुर व



अंजलि केवला ● जागरण

दोनों एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी को दिया है। संजौली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान मेहता ने स्वयंसेविका अंजलि को और एनएसएस इकाई को शुभकामनाएं दी हैं। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा ने अंजलि केवला को शुभकामनाएं दी हैं।

# संजौली की हिमानी शर्मा को स्वर्ण

दिव्य हिमाचल - 31-12-2021

**कार्यालय संवाददाता – बैजनाथ**

पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय में चल रही राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अंतिम व दूसरे दिन महिला एवं पुरुष खेल प्रतियोगिता के फाइनल मैच हुए। इसमें अलग-अलग भार वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। महिला वर्ग के 46 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय महाविद्यालय संजौली की हिमानी शर्मा ने स्वर्ण पदक, राजकीय महाविद्यालय सोलन की यामिनी ठाकुर ने रजत पदक और राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ की स्वाति ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग की 54 किलो भार वर्ग के प्रतिभागियों ने राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा टेकचंद व 68 किलो भार वर्ग में सोलन के नमन कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह अन्य इवेंट में प्रतिभागियों ने पदक जीते। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय में चल रहे इंटर कालेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप के समापन अवसर पर विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से 51000 देने की घोषणा की।




Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag

# National Youth Festival PUDUCHERRY

## (12th January to 16th January, 2022)

***The National Youth Festival in India is an annual gathering of youth with various activities including competitive ones. Mr. Yashpal Singh, a student of " Centre of Excellence" was selected for the National Youth Festival. National Youth Festival held in PUDUCHERRY (U.T) from 12 January to 16 January. The selection process for volunteer YASHPAL SINGH for NYF happened in three stages....***





दिनांक :- 13-03-2022

राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव में दिल्ली के संसद भवन में उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया|



30-03-21

# युवा साहित्य संवाद एवं काव्य पाठ में 'संजौली महाविद्यालय की मृणाल व आंचल सम्मानित'



शिमला : संजौली कालेज की छात्राएं मृणाल व आंचल। (नि.सं.)

शिमला, 30 मार्च (ब्यूरो): रोटरी क्लब शिमला में हिमाचल कला एवं संस्कृति भाषा अकादमी द्वारा युवा साहित्य संवाद एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसमें संजौली, कोटशेरा, आर.के.एम.वी. एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा कवियों ने भाग लिया। कवि सम्मेलन में सबसे ज्यादा संजौली महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें नेहा, हर्ष ठाकुर, साहिल वर्मा, प्रियंका, सरवजीत कौर, जैनब, राहुल प्रेमी, साक्षी ठाकुर, मृणाल जोशी, मनोज शर्मा, अभिषेक ठाकुर, नीतिश कुमार, बृजेश शर्मा व आंचल भंडारी ने सभी को अपनी-अपनी कविताओं से प्रभावित किया। इस अवसर पर संजौली महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों मृणाल जोशी एवं आंचल भंडारी को प्रदेश के संयुक्त सचिव केवल शर्मा से विशेष सम्मान मिला। गौरतलब है कि मृणाल जोशी ने हाल ही नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेकर विशेष स्थान प्राप्त किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। मृणाल के प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रभावित हुए थे और उन्होंने संजौली महाविद्यालय की इस छात्रा के जोशीले भाषण को अपने ट्विटर अकाउंट पर सांझा भी किया था। वहीं आंचल भंडारी ने कविता, साहित्य एवं कला क्षेत्र में प्रदेशभर में अपना विशेष नाम बनाया है। दोनों छात्राओं ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। संजौली कालेज के प्रधानाचार्य सी.बी. मेहता ने दोनों छात्राओं को बधाई दी है तथा अन्य छात्र-छात्राओं को इनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

## संजौली कॉलेज की छात्रा मृणाल और आंचल सम्मानित

शिमला। राजधानी शिमला के रोटरी क्लब में हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी के साहित्य संवाद एवं काव्य पाठ आयोजन में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इसमें नेहा, हर्ष ठाकुर, साहिल वर्मा, प्रियंका, सर्वजीत कौर, जैनब, राहुल प्रेमी, साक्षी ठाकुर, मृणाल जोशी, मनोज शर्मा, अभिषेक ठाकुर, नीतिश कुमार, बृजेश शर्मा और आंचल भंडारी ने कविताएं पढ़ीं। कॉलेज छात्रा मृणाल जोशी और आंचल भंडारी को अकादमी के संयुक्त सचिव केवल शर्मा ने सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य सीबी मेहता ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। ब्यूरो

## 2 SANJAULI COLLEGE STUDENTS FETED



The Department of Art, Culture and Language held a poetry session for the youth on March 28. During the event, students from Government College, Sanjauli, Kotshera, RKMV and HPU too participated. On the occasion, two students of Government College, Sanjauli, Mrinal Joshi and Aanchal, were honoured by chief guest Kewal Sharma, a joint secretary in the HP Government. Mrinal had recently participated in the national Youth Parliament and had even impressed the Prime Minister with a passionate speech.

## काव्य पाठ में छाए संजौली महाविद्यालय के होनहार

अमर संवाददाता-शिमला

शिमला रोटरी क्लब में हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी द्वारा युवा साहित्य संवाद एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें संजौली, कोटशेरा, आरकेएमवी एवं प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा कवियों ने हिस्सा लिया। वहीं, मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के संयुक्त सचिव केवल शर्मा ने सभी बच्चों को अपने आशीष से नवाजा। जबकि मंच संचालन का कार्य संजौली महाविद्यालय की निकिता शर्मा ने किया। इस कवि सम्मेलन में सबसे ज्यादा संजौली महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें नेहा, हर्ष ठाकुर, साहिल वर्मा, प्रियंका, सरवजीत कौर, जैनब, राहुल प्रेमी, साक्षी ठाकुर, मृणाल जोशी, मनोज शर्मा, अभिषेक ठाकुर, नीतिश कुमार, बृजेश शर्मा, आंचल भंडारी ने सभी को अपनी अपनी कविताओं से प्रभावित किया। इस अवसर पर संजौली महाविद्यालय की दो छात्राओं मृणाल जोशी एवं आंचल भंडारी को प्रदेश के संयुक्त सचिव केवल शर्मा से विशेष सम्मान मिला। गौरतलब है कि मृणाल जोशी ने हाल ही नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेकर विशेष स्थान प्राप्त किया प्रदेश का नाम रोशन किया। मृणाल के प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने संजौली महाविद्यालय की इस छात्रा के जोशीले भाषण को अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा भी किया था। वहीं आंचल भंडारी ने कविता, साहित्य एवं कला क्षेत्र में प्रदेशभर में अपना विशेष नाम बनाया है। दोनों छात्राओं ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। गुरु बिना ज्ञान नहीं होता।

दिव्य हिमाचल 27/4/

# कैडेट जैनब बानो को मिला सम्मान

## 7 एचपी कंपनी एनसीसी से सीनियर अंडर ऑफिसर के रैंक से किया सम्मानित

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट जैनव बानो बीवॉक थर्ड ईयर को कमांडिंग अफसर कर्नल देश राज गार्गी 7 एचपी (इंडिपेंडेंट) कंपनी एनसीसी शिमला द्वारा 20 अप्रैल को कंपनी सीनियर अंडर ऑफिसर के रैंक से सम्मानित किया गया। कर्नल गार्गी से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल में पहली बार इस रैंक को विद्यालयों महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के कैडेट्स की समुन्नति के लिए पुरः स्थापित किया गया है।

कर्नल ने राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनसीसी यूनिट के कार्य की सराहना करते हुए इस उपलब्धि के लिए प्रिंसिपल एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर और कैडेट जैनब को बधाई दी। प्रिंसिपल डा. चन्द्र भान मेहता ने कहा कि संजौली कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं और भविष्य में भी नई उपलब्धियों और ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के हितो को सर्वोत्तम महत्व देते हुए उनके उच्चतर उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयतनशील है। प्रिंसिपल ने कैडेट जैनव और उनके अभिभावक को शुभकामनाएं दी तथा कैडेट को भविष्य में नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## श्रीनिवास रामानुजन का गणित में योगदान

दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में भारत के महान गणित वेत्ता श्रीनिवास रामानुजन की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान गणित प्रवक्ता नरेन्द्र लाल ने श्रीनिवास रामानुजम के गणित के क्षेत्र में उनके बहुमुल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रामानुजम जी का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को तामिलनाडु में एक परिवार में हुआ था।

पंजाब केसरी - 27/4/22

# कमांडिंग ऑफिसर कर्नल देश राज गार्गी सीनियर अंडर ऑफिसर के रैंक से सम्मानित

शिमला, 26 अप्रैल (ब्यूरो): सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट जैनब बानो बी.वॉक. थर्डईयर को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल देश राज गार्गी 7 एच.पी. इंडिपैंडैंट कंपनी एन.सी.सी. शिमला द्वारा 20 अप्रैल को कंपनी सीनियर अंडर ऑफिसर के रैंक से सम्मानित किया गया। कर्नल गार्गी से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि

अमर उजाला - 28-7-2022

amarujala.com

# संजौली कॉलेज में प्रथम वर्ष के लिए मारामारी, 2,717 आवेदन

## बीए, बीएससी समेत विभिन्न कोर्सों की हैं 1,120 सीटें, मेरिट अधिक जाने की संभावना

अमर उजाला ब्यूरो



शिमला का आरकेएमवी कॉलेज। यहां भी दाखिलों के लिए मारामारी है। अमर उजाला

**शिमला।** राजधानी शिमला के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज में यूजी प्रथम वर्ष के लिए अब तक 1,120 सीटों के लिए 2,717 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं।

सीबीएसई और आईएससी के जमा दो कक्षाओं के नतीजे भी घोषित हो चुके हैं। लिहाजा 31 जुलाई तय की गई ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। संजौली कॉलेज में यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए इस बार मारामारी रहने की उम्मीद है।

**बीए की 600 सीटों के लिए आ चुके हैं 1,564 आवेदन**

अब तक जमा हो चुके आवेदनों की संख्या को देखें तो बीए कोर्स की 600 सीटों के लिए 1564 आवेदन आ चुके हैं। सबसे अधिक स्पर्धा बीए प्रथम वर्ष कोर्स में प्रवेश के लिए रहेगी। इसके अलावा बीबीए कोर्स की 40 सीटों के लिए 83, बीसीए के लिए 200, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 284, बीएससी मेडिकल की 140 सीटों के लिए 196 और नॉन मेडिकल की 140 सीटों के लिए 285 आवेदन आए हैं। बीवॉक रिटेल मैनेजमेंट कोर्स की 40 सीटों के लिए सिर्फ 25 जबकि बीवॉक



टूरिज्म एंड हास्पटेलिटी कोर्स की 40 सीटों के लिए 80 आवेदन आ चुके हैं। यूजी डिग्री कोर्स के लिए आए आवेदनों के उपलब्ध ताजा आंकड़ों के मुताबिक अभी तक 2,717 युवाओं ने आवेदन किए हैं। पोर्टल 31 जुलाई तक खुला रहने वाला है।

कॉलेज के तीनों वर्ष के कोर्स के लिए अब तक 4,754 युवाओं ने आवेदन किए हैं। इनमें शेष रोल ऑन आधार पर प्रवेश वाले छात्र भी शामिल है।

### तो ऊंची रहेगी कट ऑफ

**संजौली** कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने बताया कि सीबीएसई और आईएससी के नतीजे घोषित होने के बाद अभी यूजी प्रथम वर्ष के लिए नाममात्र आवेदन आए हैं। शेष बचे दिनों में यदि आवेदनों की संख्या बढ़ती है तो इससे प्रवेश की मेरिट की कट ऑफ का भी बढ़ना तय है। कहा कि सीबीएसई और आईएससी में बारहवीं में प्राप्तांक प्रतिशत अच्छा होने से मेरिट बढ़ेगी। संजौली कॉलेज में सत्र 2021-22 में मेरिट आधार पर दिए प्रवेश में बीए की 69, बीकाम की 88.2 फीसदी, बीएससी मेडिकल की 75, नॉन मेडिकल की 81, बीबीए की 75 और बीसीए की 60 फीसदी कट ऑफ रही थी।

### आरकेएमवी में 1,450 कोटशेरा कॉलेज में आए 1,770 आवेदन

राजीव गांधी महाविद्यालय कोटशेरा में भी इस बार यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अब तक 1,770 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। राजकीय कन्या महाविद्यालय (आरकेएमवी) में अब तक 1,450 छात्राओं ने प्रवेश के लिए आवेदन किए हैं।

कोटशेरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम गर्ग और आरकेएमवी की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने कहा कि कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से छात्र तय तिथि तक आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करना सुनिश्चित करें।

# संजौली महाविद्यालय के कैडेट्स ने सी.ए.टी.सी. ड्रिल कंपीटीशन व फायरिंग में पाया प्रथम स्थान

शिमला, 23 जुलाई (ब्यूरो): 7 एच.पी. इंडिपैंडैंट कंपनी एन.सी.सी. शिमला के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज गार्गी के नेतृत्व में 20 दिवसीय शिविर सी.ए.टी.सी. को 2 चरणों में आयोजित किया गया। दूसरे चरण के सी.ए.टी.सी. का समापन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज गार्गी द्वारा किया गया।

इन शिविरों में कैडेट्स को एन.सी.सी. परीक्षाओं ए, बी व सी सर्टीफिकेट के लिए महत्वपूर्ण विषयों जैसे ड्रिल, फायरिंग, एम.एम. इंसास राइफल को खोलना व जोड़ना, मैप रीडिंग, कंपास का प्रयोग, अनुशासन, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, गार्ड ऑफ ऑनर, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, कम्युनिकेशन स्किल, डिफैंस सर्विसिज की जानकारी और तैयारी तथा नि:स्वार्थ सेवा इत्यादि सिखाई गई। शिविर में कैडेट्स के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य को संपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला के 49 एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं ने शिविर में सभी आयोजित प्रतियोगिताओं में अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और शिविर सी.ए.टी.सी. 2 2 4 में ड्रिल कंपीटीशन में प्रथम, फायरिंग में प्रथम और द्वितीय, बास्केटबाल एस.डब्ल्यू. में प्रथम तथा एस.डी. में द्वितीय और समूहगान में तृतीय स्थान हासिल किया।

शिविर सी.ए.टी - 2 2 5 में इंसास राइफल खोलना व जोड़ना में द्वितीय, ड्रिल कंपीटीशन में एस.डी. ने प्रथम और एस.डब्ल्यू. ने द्वितीय और लाइन ऐरिया एस.डब्ल्यू. ने तृतीय, बास्केटबाल एस.डब्ल्यू. ने प्रथम तथा एस.डी. ने द्वितीय, वालीबाल एस.डब्ल्यू. ने द्वितीय और समूहगान, समूह नृत्य, एकल गीत तथा एकल नृत्य में द्वितीय स्थान हासिल किया।

संजौली महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सी.बी. मेहता ने कैडेट्स के कठिन परिश्रम और अनुशासन की सराहना की। सभी कैडेट्स को उनकी कार्यसिद्धि के लिए बधाई दी और प्रशंसा की।

# संजौली कॉलेज के कैडेटों ने जीते कई पुरस्कार

शिमला। संजौली कॉलेज के 49 एनसीसी कैडेटों ने करसोग में आयोजित शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में कैडेटों ने ड्रिल में पहला और फायरिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। बास्केटबाल में पहला, एसडी में दूसरा और समूहगान में तीसरा स्थान पाया।

राइफल खोलने, जोड़ने में दूसरा, ड्रिल एसडी में पहला और दूसरा, एसडब्लू में दूसरा और तीसरा, लाइन एरिया एसडब्लू में दूसरा, बास्केटवाल एसडब्लू में पहला, वॉलीबाल एसडब्लू में दूसरा, समूहगान, समूह नृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य में दूसरा स्थान पाया। यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने दी। बताया कि 21 जुलाई को 7 एचपी (आई) एनसीसी शिमला कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज गार्गी के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया था। ब्यूरो

अमर उजाला 25/07/22

# एनएसीसी कैंप में छाए संजौली कालेज के कैडेट्स



शिमला। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के एनसीसी कैडेट्स ने द्वितीय चरण के एनसीसी कैंप में शानदार प्रदर्शन किया और कई प्रतिस्पर्धाओं में पदक झटके है। संजौली कालेज के 49 एनसीसी छात्र-छात्राओं (एसडी/एसडब्लयू) ने करसोग में आयोजित 20 दिवसीय शिविर 01-10 जुलाई प्रथम व 12-21 जुलाई द्वितीय चरण में भाग लिया। संजौली कालेज के प्राचार्य डा. सीबी मेहता ने बताया कि शिविर में सभी आयोजित प्रतियोगिताओं में अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और शिविर सीएटीसी-224 में ड्रिल कंपीटिशन में प्रथम, फायरिंग में प्रथम और द्वितीय, बास्केटबाल एसडब्लू ने प्रथम तथा एसडी ने द्वितीय और समूहगान में तृतीय स्थान हासिल किया। शिविर में इन्सास राइफल खोलना/जोड़ना में द्वितीय, ड्रिल कंपीटिशन में एसडी ने प्रथम और द्वितीय, एसडब्लू ने द्वितीय और तृतीय, लाइन एरिया में एसडब्लू ने द्वितीय, बास्केटबाल में एसडब्लू ने प्रथम तथा एसडी ने वालीबाल में द्वितीय और समूहगान, समूहनृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य में एसडब्लयू ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

दिव्य हिमाचल 25/07/22


**एडमिशन के लिए हुजूम • जिस हिसाब से आवेदन आ रहे हैं, मेरिट लिस्ट बनाना चुनौतीपूर्ण: सीबी मेहता**

# संजौली कॉलेज बना पहली पसंद, बीए की 1060 सीटों के लिए 3427 आवेदन, प्रिंसिपल बोले-दूसरे कॉलेज में भी करें अप्लाई

## पांच अगस्त तक अभी और बढ़ेंगे आवेदक

सिटी रिपोर्टर | शिमला

हिमाचल समेत राजधानी शिमला के सभी कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया जारी है। अभी तक शिमला के 5 कॉलेजों में सबसे ज्यादा आवेदन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली कॉलेज में आए हैं।



शिमला का संजौली कॉलेज छात्रों की बनी पहली पसंद।

**किस स्ट्रीम में कितने आवेदन आए :** संजौली कॉलेज में अभी तक बीए में 600 सीटों के लिए 1865 छात्रों ने आवेदन किया है। इसके अलावा बीबीए में 40 सीटों के लिए 150, बीसीए में 40 सीटों के लिए 253, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 388, बीएससी मेडिकल की 140 सीटों के लिए 277, बीएससी नॉन मेडिकल की 140 सीटों के लिए 371, बीवॉक की 40 सीटों के लिए 92 छात्रों ने आवेदन किया है। कॉलेज प्रिंसिपल सीबी मेहता का कहना है कि जिस हिसाब से आवेदन आ रहे हैं, मेरिट लिस्ट निकालना चुनौतीपूर्ण काम रहने वाला है। हर सब्जेक्ट में कट लिस्ट 80 प्रतिशत से ज्यादा जा रही है। कहा कि एक सीट पर 3 छात्र आवेदन कर रहे हैं। अपनी सेफ्टी के लिए छात्रों को शिमला के 4 दूसरे कॉलेजों में भी आवेदन करना चाहिए।

बीए फर्स्ट ईयर में 1060 सीटों के लिए 3427 से भी ज्यादा आवेदन बुधवार 12 बजे तक आए। हर जिले से संजौली कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए छात्रों का रुझान काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है। 5 अगस्त तक चलने वाले एडमिशन प्रोसेस में आवेदकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड से छात्र आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन के समक्ष भी मेरिट लिस्ट तैयार करना एक बड़ी चुनौती है। प्रिंसिपल द्वारा दूर-दराज के छात्रों को भी संजौली कॉलेज में आवेदन के साथ-साथ अपने नजदीकी कॉलेज में भी अप्लाई करने की सलाह दी जा रही है। कहा कि अगर मेरिट लिस्ट में नंबर नहीं लगता तो छात्र के पास कोई और ऑप्शन तो होगा।

दैनिक भास्कर 4-8-22



शिमला। संशोधित यूजीसी वेतनमान के लिए कालेज प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का आभार जताया है। मुख्यमंत्री से बुधवार को ओक ओवर शिमला में कालेज प्राध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त कार्य समिति के सचिव डाक्टर आरएल शर्मा के नेतृत्व में भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारियों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने सभी कर्मचारी वर्गों को उनके देय लाभ व अन्य सुविधाएं समय-समय प्रदान की है। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त कार्य समिति के सदस्य डा. [illegible], नितिन व्यास सहित अन्य प्राध्यापक शामिल रहे

# 1060 सीटों के लिए 3427 आवेदन

## संजौली कालेज में दाखिला लेने को छात्रों में होड़, मैरिट निकालनी होगी मुश्किल

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

कालेज कैंपस

राजधानी के तीन सरकारी महाविद्यालयों में से संजौली कालेज में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों में होड़ लगी हुई है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीए प्रथम वर्ष की 1060 सीटों के लिए बुधवार दोपहर तक 3427 विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है, जबकि विवि प्रशासन द्वारा दाखिले की तिथि पांच अगस्त तक बढ़ाई हुई है और ऐसे में आवेदनों की संख्या बढ़ जाएगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों से संजौली कालेज में एडमिशन लेने के लिए छात्रों का रुझान काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड से छात्र आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में कालेज प्रबंधन के समक्ष भी मैरिट लिस्ट तैयार करना एक बड़ी चुनौती है। संजौली कालेज में अभी तक बीए में 600 सीटों के लिए 1865, बीबीए में 40 सीटों के लिए 150, बीसीए में 40 सीटों के लिए 253, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 389, बीएससी मेडिकल की 140 सीटों के लिए 277, बीएससी नॉन मेडिकल की 140 सीटों के लिए 371, बीवोक की 40 सीटों के लिए 92 छात्रों ने आवेदन किया है। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डा. सीबी मेहता का कहना है कि जिस हिसाब से आवेदन आ रहे हैं, मैरिट लिस्ट निकालना चुनौतीपूर्ण काम रहने वाला है। हर सब्जेक्ट में कट लिस्ट 80 प्रतिशत से ज्यादा जा रही है। कहा कि एक सीट पर 3 छात्र आवेदन कर रहे हैं।

### सिस्टर निवेदिता कालेज में एजुकेशन वर्कशॉप शुरू

शिमला। आईजीएमसी की सिस्टर निवेदिता कालेज में एमएससी प्रथम वर्ष और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु नर्सों के लिए तीन दिवसीय एजुकेशन वर्कशॉप बुधवार से शुरू हुई। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं को मरीजों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। क्लिनिकल से संबंधित पढ़ाई भी एक्सपर्ट की ओर से शुरू की गई है। इस दौरान मरीजों की सुरक्षा और मरीजों को बेहतर उपचार देने के बारे में बताया जा रहा है। प्रशिक्षु नर्सों के कैरिकुलम के तहत आयोजित हुई यह वर्कशॉप पांच अगस्त को संपन्न होगी और फैकल्टी स्टाफ इसकी रिसोर्स पर्सन है। प्रिंसिपल डा. अमिता पुरी ने कहा कि एजुकेशनल वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही है।

दिव्य हिमाचल
4-8-22



शिमला। उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में देशभक्ति से संबंधित समूहगान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यह आयोजन प्रो. भारती भागड़ा के नेतृत्व में हुआ। 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत बुधवार को समूहगान आयोजित हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डाक्टर सीबी मेहता कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। देशभक्ति से संबंधित समूहगान [illegible] संगीत विभाग की भूमिका प्रमुख रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य डाक्टर भूपेंद्र ठाकुर, डाक्टर मनीष कोहली व

# शिमला में कैडेट्स को कर्नल गार्गी ने किया सम्मानित



शिमला में कैडेट्स के साथ कर्नल डीआर गार्गी • जागरण

2/09/22

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला के पांच एनसीसी कैडेट्स 15 दिवसीय आर्मी अटैचमेंट कैंप से प्रशिक्षण के बाद वीरवार को शिमला लौटे। कमांडिंग आफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने इन कैडेट्स का मनोबल बढ़ाकर सम्मानित किया।

उन्होंने कैडेट्स को जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत व अनुशासन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल गार्गी ने कहा कि आर्मी अटैचमेंट प्रशिक्षण कैंप का उद्देश्य कैडेट्स के बीच अनुशासन, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, राष्ट्रप्रेम और संकल्प को मजबूत करना है। इस दौरान उन्होंने कैडेट को सेना में जाने की बारीकियां बताईं। संजौली कालेज से कैडेट सौरभ शर्मा, कोटशेरा कालेज से अंशुल कंवर, कैडेट हर्ष जमालटा, ठियोग कालेज से सुजल और एपीजी विवि से अंडर आफिसर राहुल का आर्मी अटैचमेंट प्रशिक्षण कैंप में चयन हुआ था।

2/09/22

# EDUCATION NOTES



## FIVE NCC CADETS HONOURED

Five NCC cadets of the 7 HP (I) National Cadet Core, Shimla, were honoured by Commanding Officer DR Gargi at Shimla NCC Office for excelling at the 15-day Army Attachment Camp. The cadets who were selected for the camp included Saurabh Sharma of the Government College, Sanjauli; Anshul Kanwar and Harsh Jamalta of the Government College, Kotshera; Sujal Kanwar of the Government College, Theog, and Rahul Kumar Tiwari of the APG university. Gargi said the objective of the camp was to inculcate discipline and preparing the cadets for the Army.

# 73 किलो भार वर्ग में रिचा ने जीता गोल्ड

संवाद न्यूज एजेंसी



हमीरपुर। गौतम कॉलेज हमीरपुर में चल रही अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न वर्गों के मुकाबले हुए। दूसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय कॉलेज के निदेशक जगदीश गौतम ने किया।

पहले दिन के 54 किलोग्राम भार वर्ग के पुरुषों के मुकाबले में सोलन कॉलेज के गगन जोशी ने गोल्ड मेडल और इवनिंग कॉलेज शिमला के टेक सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। महिला वर्ग 46 किलोग्राम भाग वर्ग में प्रदेश विश्वविद्यालय की चेतना ने गोल्ड और नालागढ़ की प्रीती ने सिल्वर मेडल जीता।

पुरुषों के दूसरे दिन के 58 किलोग्राम भार वर्ग में संजौली कॉलेज के राहुल ने गोल्ड और नालागढ़ के सूरज कुमार ने सिल्वर मेडल जीता। 68 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदेश विवि के अनुराग ने गोल्ड और संजौली कॉलेज के अक्षित कश्यप ने सिल्वर मेडल जीता। महिला वर्ग के 73 किलोग्राम भार वर्ग में संजौली कॉलेज की रिचा नेगी ने गोल्ड मेडल और पालमपुर कॉलेज की रानी ने सिल्वर मेडल जीता। 53 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन की पारुल वर्मा ने गोल्ड और सीमा कॉलेज की अनीशा ने सिल्वर मेडल जीता।

## अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए विभिन्न मुकाबले

49 किलोग्राम भार वर्ग में संजौली की हिमानी विजेता रही। प्रतियोगिता का समापन 21 सितंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में 27 महाविद्यालयों के 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**प्रतियोगिता संपन्न** • चार दिवसीय प्रतियोगिता में 46 कॉलेजों से आए 560 खिलाड़ियों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया

# इंटर कॉलेज वॉलीबॉल, संजौली ने ऊना को 3-0 से हराया

भास्कर न्यूज | रामपुर बुशहर

रामपुर के पीजी कॉलेज रामपुर मैदान में आयोजित इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता पर उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली ने ऊना टीम को 3-0 से हरा कर विजेता का खिताब अपने नाम किया है। प्रतियोगिता में ऊना महाविद्यालय दूसरे, जबकि कुल्लू महाविद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 46 कॉलेजों से आए 560 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




पीजी कॉलेज रामपुर में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

राजकीय महाविद्यालय रामपुर में चल रही पुरूष वर्ग की इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। समापन अवसर पर डीसी शिमला आदित्य नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को खेल को अपने जीवन में अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। खेल सभी के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय वालीबॉल चैंपियनशिप में प्रदेश के 46 महाविद्यालयों से लगभग 560 प्रतिभागियों ने बहुत ही धैर्य और अनुशासन में रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल चैंपियनशिप के अंतिम दिन सेमी फाइनल मुकाबला कुल्लू और संजौली के बीच हुआ, जिसमें संजौली महाविद्यालय की टीम विजयी रही। दूसरा मुकाबला ऊना और दौलतपुर चौक महाविद्यालय के बीच हुआ जिसमें ऊना विजयी रहा। फाइनल में कड़ा मुकाबला महाविद्यालय ऊना और महाविद्यालय संजौली के बीच खेला गया जिसमें संजौली महाविद्यालय की टीम ने ऊना की टीम को कड़ी शिकस्त देकर प्रतियोगिता के विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किन्नौरी नृत्य भी पेश किया गया। अंत में सभी विजेता और उपविजेता टीम के प्रतिभागियों को डीसी आदित्य नेगी ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजक सचिव प्रो. तेंजिन नेगी ने मुख्य अतिथि, पर्यवेक्षक, खेल अधिकारियों, अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

दैनिक भास्कर 19-10-22

---



# पुरुषों में संजौली, महिला वर्ग में मंडी कॉलेज विजेता

## शिमला में अंतर महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता का समापन, दस मीटर एअर राइफल में संजौली के तनिष्क ने स्वर्ण पर साधा निशाना

अमर उजाला ब्यूरो

**एचपीयू के डीन प्लानिंग ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित**

शिमला। राजधानी शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में इंटर कॉलेज शूटिंग प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में संजौली और महिला वर्ग में मंडी कॉलेज ने विजेता ट्रॉफी जीती। समापन समारोह में विवि के डीन प्लानिंग प्रो. अरविंद कुमार भट्ट ने विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में निदेशक शारीरिक शिक्षा और युवा कार्यक्रम डॉ. हरी सिंह का आयोजन सचिव डॉ. मनोहर लाल ने स्वागत किया।

पुरुष वर्ग में संजौली पहले, ढलियारा को दूसरा और मंडी को तीसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में मंडी कॉलेज की टीम के अलावा आरकेएमवी उप विजेता और संजौली कॉलेज दूसरा रनरअप रहा। खिलाड़ियों के व्यक्तिगत हुए मुकाबलों में अंकों के आधार पर घोषित नतीजों में दस मीटर एअर राइफल में संजौली के तनिष्क ने पहला, अर्यान बालटू आईआईई ने दूसरा और अक्षित शर्मा संजौली ने तीसरा स्थान पाया।

महिला वर्ग में सेंट बीड्स की प्रवीणा, ढलियारा की शैफाली और संजौली की एलिजा ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। दस मीटर एअर पिस्टल पुरुष व्यक्तिगत मुकाबलों में ढलियारा के प्रथम राजपुत, पालमपुरके विशाल और जीडीसी मंडी के सार्थक लखनपाल ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

महिला वर्ग में संजौली की अनन्या ने पहला, आरकेएमवी की पूजा ने दूसरा और अंजली ने तीसरा स्थान पाया। दस मीटर एअर पिस्टल के टीम मुकाबलों में मंडी के सार्थ और हिमांशु शर्मा और मेहुल लखनपाल ने पहला, बैजनाथ कॉलेज के आशीष उर्व, रोनित और अखिल कपूर ने दूसरा जबकि ढलियारा के प्रथम राजपूत, निशांत ठाकुर और नितिश कुमार ने तीसरा स्थान पाया। महिला वर्ग के एअर पिस्टल टीम मुकाबले में आरकेएमवी की टीम में शामिल पूजा वर्मा, अंजली और सुलक्ष्णा ने पहला, मंडी की इशानी, कशिश और अर्पिता ने दूसरा जबकि संजौली की अनन्या ठाकुर, चीना और दीपिका ने तीसरा स्थान पाया।

दस मीटर एअर राइफल पुरूष वर्ग के टीम मुकाबलों में संजौली के हिमांशु वर्मा, तनिष्क शर्मा, अक्षित ने पहला और सीमा कॉलेज के उज्जवल अंकुश विपुल ने दूसरा वहीं ढलियारा कॉलेज की टीम में शामिल निशांत ठाकुर, नीतिश कुमार और अंकुश ने तीसरा स्थान पाया। दस मीटर एअर राइफल महिला टीम मुकाबले में ढलियारा की शैफाली चंबियाल, समीक्षा जयसवाल, अंशिका ठाकुर ने पहला, मंडी कॉलेज की प्रभजोत कौर बेदी, अकांक्षा और सरिता ने दूसरा जबकि सीमा कालेज के शूटर की टीम में शामिल अनिशा, साक्षी और दिव्या ने तीसरा स्थान पाया।






शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में अंतर महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता की विजेता टीमें मुख्य अतिथि के साथ। संवाद

15-11-22 अमर उजाला

# संजौली कॉलेज की वंशिका मृणाल और आस्था पुरस्कृत

## निबंध लेखन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन पर पाया सम्मान



संजौली कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत करते अधिकारी। अमर उजाला

**अमर उजाला ब्यूरो**

**शिमला।** संजौली महाविद्यालय ने विश्व विज्ञान दिवस पर व्याख्यान और ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सोमवार को कॉलेज में हुए इस कार्यक्रम में निबंध लेखन स्पर्धा के बाद विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में ए प्लस, प्लस और ए ग्रेड पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें वंशिका ठाकुर, मृणाल जोशी, आस्था शर्मा, भावी सपोलिया, निमिश चौधरी, अनुष्का धामटा, अनुष्का वर्मा, कुनाल भारद्वाज, तनुज चौहान, सेजल पुंडीर, अनन्या शर्मा, डिंपल ठाकुर, रूपेश, अमन सिंह राणा, पूनम मेहता, मांचली शर्मा, चाहत शर्मा, सलोनी शर्मा, हर्षिता गुप्ता, सुशांत शर्मा को सम्मानित किया। इसके अलावा सुंदर पंत, वनिता ठाकुर, डिंपल वर्मा, प्रणय प्रताप सिंह और अश्मित सरैक भी पुरस्कृत किए गए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने पुरस्कार वितरण कर सभी पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी। विज्ञान दिवस पर कॉलेज ने एक ऑनलाइन विज्ञान क्षेत्र के विशेषज्ञों का व्याख्यान भी आयोजित करवाया। इसमें भारतीय भौतिक विज्ञान संगठन के अध्यक्ष डॉ. पीके आहलुवालिया, बड्डू साहिब विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. एएस आहलूवालिया पीजीआई से डॉ. राजन रोल्टा ने विज्ञान और इससे जुड़े पहलुओं पर अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर छात्रों को कई अहम जानकारियां प्रदान की गईं।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बीएस चौहान, डॉ. आरएल शर्मा, डॉ. रविंद्र चौहान, डॉ. नरेश वर्मा, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. कीर्ति सिंघा, डॉ. अनुज शर्मा, शालू चौहान और डॉ. विकास नाथन मौजूद रहे।

A.U 5-12-22 अमर उजाला 5-12-22

# लोकनृत्य में कुल्लू प्रथम, मंडी कॉलेज को दूसरा स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

मंडी। मंडी शहर के संस्कृति सदन में विश्वविद्यालय युवा उत्सव समूह तीन की लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य और कथक स्पर्धाएं रविवार को करवाई गईं। इसमें संजौली कॉलेज शिमला की यामिनी बंसल ने शास्त्रीय नृत्य कथक में प्रदेश भर में प्रथम स्थान अर्जित किया।

वहीं फाइन आर्ट कॉलेज शिमला की उज्ज्वला ने दूसरा और सुंदरनगर कॉलेज के मनीष पराशर ने तीसरा स्थान हासिल किया। लोकनृत्य प्रतियोगिता में कुल्लू कॉलेज की कुल्लवी नाटी को प्रथम, मंडी का नागरी नृत्य द्वितीय और बिलासपुर कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**मंडी में युवा उत्सव का समापन**

रविवार को समापन समारोह में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी बंसल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंडी कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सीमा बाबा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंडी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. चमन ने बताया कि युवा समारोह में प्रदेश भर के 32 महाविद्यालयों से आए करीब चार सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।





मंडी में युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती छात्रा और विजेता टीम। संवाद




शिमला : राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल संजौली कालेज की आस्था शर्मा को सम्मानित करते हुए। (नरेश)

# राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव की विजेता सम्मानित

शिमला, 4 मार्च (ब्यूरो): राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को राजभवन में आस्था शर्मा को सम्मानित किया। आस्था शर्मा ने केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त कर हिमाचल को गौरवान्वित किया है।

वह सैंटर ऑफ एक्सीलैंस कालेज संजौली शिमला में बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा है। राज्यपाल ने आस्था शर्मा को हिमाचली टोपी, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और इस उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। आस्था शर्मा शिमला जिले के कोटगढ़ के लोशटा गांव की रहने वाली है। उनके पिता मनमोहन शर्मा एक सेब बागवान है तथा माता रेखा शर्मा गृहिणी है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान अर्जित करने से ही व्यक्ति का सम्मान और प्रतिष्ठा होती है। महान लेखक, कवि और कलाकार आदि अपनी प्रतिभा से ही जाने जाते हैं। उन्होंने आस्था शर्मा को कड़ी मेहनत करने और जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने कहा कि वह न केवल प्रदेश बल्कि देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाले संस्कारों का श्रेय उनके माता-पिता और गुरुजनों को जाता है, लेकिन बच्चे अपनी मेहनत से श्रेष्ठता हासिल करते हैं।

इस अवसर पर आस्था की छोटी बहन भव्य शर्मा भी उपस्थित थी जो अपनी बड़ी बहन से प्रेरणा लेकर उपलब्धि हासिल करना चाहती है। इस अवसर पर लोकायुक्त न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बरोवालिया भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी आस्था शर्मा को प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने प्रदेश की युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

दिव्य हिमाचल 24-3-23

# जहां पढ़े...वहीं चीफ गेस्ट होंगे सीएम

## संजौली कालेज के समारोह में कल करेंगे शिरकत

स्टाफ रिपोर्टर—शिमला



**सम्मान का मौका**

- संजौली कालेज के मेधावियों को करेंगे सम्मानित
- एससीए अध्यक्ष और महासचिव के पद पर किया था कब्जा

छोटा शिमला स्कूल के बाद अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कालेज उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली जाएंगे। 25 मार्च को कालेज में वर्ष 2022-23 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह करवाया जा रहा है, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिरकत करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर सीबी मेहता ने कहा कि इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे और वर्तमान में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यातिथि होंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर समारोह की अध्यक्षता करेंगे तो वहीं स्थानीय विधायक हरीश जनरथा, विधायक कुलदीप राठौर, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल विधायक अजय सोलंकी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नरेश चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र संघ का अध्यक्ष बनकर की थी। उनकी राजनीतिक पारी शिमला के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कालेज संजौली से शुरू हुई है। यहां वे सबसे पहले क्लास रिप्रेजेंटेटिव (सीआर) चुने गए। इसके बाद सुक्खू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 1983 में उन्हें स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ कालेज (एससीए) का जनरल सेक्रेटरी चुना गया। इसके बाद वे चुनाव लड़कर 1984 में एससीए अध्यक्ष बने। उस समय छात्र संगठन एनएसयूआई के पैनल से चुनाव लड़कर जीतने वाले सुक्खू अब प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए हैं। प्रिंसीपल सीबी मेहता ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव का विषय है कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थी आज प्रदेश के शीर्ष पर काबिज हुए हैं, जोकि विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के उस दौर के सहपाठी और मित्रगण विशेष तौर से आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के प्रबंधक सचिव डाक्टर भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस समारोह में महाविद्यालय की 612 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने पर पुरस्कृत किया जाएगा। यह दिन कालेज के इतिहास में एक स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाने वाला दिन होगा, जिसमें महाविद्यालय में पूर्व में छात्र रहे और वर्तमान में प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शिरकत कर मान बढ़ाएंगे।

अमर उजाला - 26-3-2023

# संजौली कॉलेज में जल्द शुरू होंगे साहसिक पर्यटन के नए पाठ्यक्रम

## सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम में एलान, विकास कार्यों के लिए दिए 5 करोड़

अमर उजाला ब्यूरो



संजौली कॉलेज में छात्र मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलते हुए। अमर उजाला

शिमला। संजौली कॉलेज में साहसिक पर्यटन के नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। नए शैक्षणिक सत्र पर कॉलेज में डिजिटल पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, एमए अर्थशास्त्र और एमए लोक प्रशासन की कक्षाएं शुरू होंगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अब सभी लोग फाइव जी के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए सरकार शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है। सुक्खू संजौली कॉलेज में ही पढ़े हैं। उन्होंने कॉलेज के 600 से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने संजौली कॉलेज में छात्रों के लिए उत्कृष्ट अधोसंरचना स्थापित करने के लिए पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कॉलेज के कैरिअर काउंसलिंग सेंटर को और मजबूत करने, जीआईए रिमोट सेंसिंग पाठ्यक्रम शुरू करने का एलान भी किया। उन्होंने एससीए की मांग पर बीसीए कोर्स के पाठ्यक्रम को अपग्रेड करने की बात भी कही। समारोह में पेश की रंगारंग प्रस्तुतियों के लिए मुख्यमंत्री ने एक लाख की राशि भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अध्यापकों की क्षमता निर्माण और विकास के लिए विदेशों में पुनश्चर्या भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन करवाएगी। युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए नए तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने मुख्यमंत्री का स्वागत।

इस मौके पर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, कुलदीप राठौड़, हरीश जनारथा और अजय सोलंकी, प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी, हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक अध्यक्ष देवेंद्र श्याम, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सचिव शिक्षा अभिषेक जैन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### संजौली कॉलेज में चार चुनाव लड़े और जीते : सुक्खू

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संजौली कॉलेज में 17 साल की उम्र प्रवेश पाया था। उन्होंने चार चुनाव लड़े और चारों जीते। उन्होंने बीमारी की हालत में एससीए अध्यक्ष के चुनाव का प्रचार करने की यादों को भी ताजा दिया। कहा कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। यहीं से चुनाव लड़ने के बाद आज उन्हें प्रदेश की जनता का सेवा करने का मौका मिला है। हिमाचल को 10 वर्षों में देश का आदर्श एवं उन्नत राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए व्यवस्था परिवर्तन करना जरूरी है। ब्यूरो



संजौली कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम में छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अमर उजाला

### समारोह में सीएम ने सम्मानित किए कॉलेज के मेधावी

शिमला। संजौली के वार्षिक समारोह में मुख्यमंत्री ने 600 से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इसमें कॉलेज टॉपर नवनीता, दीपिका वर्मा, तनुजा, पारुल बंसल, मृगांक भारद्वाज, कृतिका शर्मा, आदितिका, अश्वनी, संदीप शर्मा, श्रेया शर्मा को सम्मानित किया गया। इनके अलावा बीएसी के छात्र विवेक रमन, प्रेम लता, सुप्रिया, मोक्षिका, दीपाक्षी शर्मा, तमन्ना, अभिषेक शर्मा, बीकॉम की शीतल शर्मा, महक, शुभम, चंचल देवी, गीतिका चौहान, मन्नत बीसीए की जागृति, कृतिका, तन्वी, बीवॉक की मीनाक्षी, रणजीत, दिव्यांशु और जीवन शर्मा को सम्मानित किया गया। ब्यूरो

### सहपाठियों और शिक्षकों को भी किया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। वार्षिक समारोह में मुख्यमंत्री ने सहपाठियों और शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

सहपाठियों में अरुण शर्मा, सुशांत कपरेट, यशवर्धन चौहान, हरिंद्र रावत, यशपाल धौल्टा, राकेश धौल्टा, कमल, रिसपाल नेटा, सत्या प्रकाश, अजय शर्मा, शशि शेखर, नरेंद्र वर्मा, जगजीत सिंह, मलकीत सिंह, राज कुमार, भीष्म ठाकुर, महिंद्र, जगदीश, प्रमोद चौहान, नरेश शर्मा, चंद्र मोहन बाली, उत्तम डोड, योगेश ठाकुर, राजेश चौहान, ओम चौहान और रजनीश सूद को पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा प्राचार्य डॉ. डीएस ठाकुर, दीक्षा मल्होत्रा, इंद्रजीत सिंह, दलीप जस्टा, डॉ. जेएस नेगी, तुलसी रमन शर्मा, अनुपमा गर्ग, मीना शर्मा, रुचि रमेश, डॉ. लाली और नरेंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया।

### और ऊपर करवा दी थी पतलून

शिमला। संजौली कॉलेज के छात्र रहे उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन ने कॉलेज में बिताए दिनों की यादें ताजा करते हुए कहा कि उस समय सीनियर र... बड़सर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने पहले ही दिन पेंट ऊपर करवाक... उठक बैठक करवाई थी। इस... बाद जब पता चला कि वह ... भाई के दोस्त हैं तो फिर उनसे दोस... हो गई। कहा कि कॉलेज विकास में शिक्षकों का ... योगदान रहा है। ब्यूरो

एनएसयूआई ने सीएम को सौंपा मांगपत्र

## COUNSELLING CELL

**Introduction:**

A counselling cell is a service offered by businesses or institutions to help people who are going through emotional, psychological, or personal challenges. Typically, experienced counsellors who are able to offer confidant support and advice to assist people manage with a range of obstacles, such as stress, anxiety, depression, interpersonal troubles, scholastic difficulties, and job worries, work in these cells.

Challenges and complexities are part of contemporary society. Through expert advice and counselling programmes, the Counselling Cell hopes to equip students with the tools they need to successfully navigate these issues. with the aim of addressing and assisting the student community's emotional and psychological problems. With assistance from a team of staff members, the principal, and a student counselor, government college Sanjauli will establish the "Counselling Cell" in the college grounds. Each student's individual potential, mental health issues, stress and anxiety, which is both inherent and hidden, is the main emphasis of this program.

**Key functions of Counselling Cell include:**

- To provide personalised counselling to students in accordance with their needs.
- To boost the self-esteem of pupils who are less capable, slower learners, or physically challenged.
- To assist pupils in getting over exam stress, anxiety, or phobia.
- To let the parents know about the student's psychological challenges.
- To assist kids in finding solutions to their psychological, educational, social, and personal issues.
- To aid students in developing a self-awareness of their interests, skills, aptitude, passion, and possibilities.
- To raise awareness, get ready, and inspire others to write success stories and figure out strategies for overcoming obstacles in life
- To create a sense of mutual understanding between the teacher and the learner.

- To undertake a Counselling Skills Training Programme for Professors and staff.

**Objectives:**

- To promote students' psychological well-being by ongoing assistance and advice tailored to their specific needs.
- To assist pupils in avoiding negative thinking and mending small emotional wounds.
- To assist students in understanding and accepting themselves "as they are" via individual and group therapy.
- To assist students in recognising their individual potentials and talents in order to attain academic goals, social and personality development, adjustment concerns, and professional ambitions.
- To enhance healthy relationships, increase listening skills, empathy development, and interpersonal abilities.
- Through psychoeducation programmes, to teach numerous psychological issues and good living practices.
- To keep counselling interventions secret unless the student is assessed to be in danger of personal injury or of causing harm to themselves or others. In such cases, the necessary individuals/agencies can be contacted.

**Methodology:**

